हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री से.
न्यूनतम 23.0 डिग्री से.

10 नर्सिंग ऑफिसर ने 3 दिन की हड़ताल...



10 युवा देश के लोकतांत्रिक भविष्य की महत्वपूर्ण कड़ी



खबर संक्षेप

पिस्तौल-जिंदा कारतूस के साथ एक युवक गिरफ्तार

जींद। सीआइए स्टाफ ने गांव करसोला के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। जुलाना थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआइए स्टाफ कर्मी गांव करसोला के निकट गश्त कर रहे थे। गांव के निकट एक युवक पुलिस कर्मियों को देख कर वापस मुड़ कर जाने लगा। पुलिस कर्मियों ने पीछा कर युवक को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

पशु चरा रहे युवक पर किया हमला, केस दर्ज

जींद। हथवाला तथा अकालगढ़ के बीच पशुओं को चरा रहे युवक पर बाइक सवार तीन युवकों ने हमला कर घायल कर दिया। जुलाना थाना पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर दो युवकों को नामजद कर एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव अकालगढ़ निवासी जोगेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव हथवाला की तरफ पशुओं को चराने गया था। वापसी के दौरान जब गांव के निकट पहुचा तो पीछे से बाइक पर सवार होकर गांव के ही सचिन, हिमांशु तथा एक अन्य ने उस पर हमला कर दिया।

20 बोतल अवैध शराब सहित एक व्यक्ति काबू

जींद। थाना सदर नरवाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 20 बोतल शराब सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। थाना सदर नरवाना के प्रभारी उप निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस की टीम अपराध रोकथाम के लिए क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान गांव झील फिरनी की तरफ जाते समय पुलिस को सूचना मिली कि मनजीत वासी बडनपुर कमरे के सामने अवैध रूप से शराब बेचने का धंधा करता है।

बैंक में युवती से सवा लाख गायब, केस दर्ज

जींद। सफीदों में बैंक से युवती के एक लाख 25 हजार रुपये गायब होने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव मुआना निवासी पवन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत एक अक्टूबर को उसने अपनी बेटी पायल को बैंक में सवा लाख रुपये जमा कराने भेजा था। बैंक में उसकी बेटी ने डिपोजिट स्लिप कैशियर को भर कर दे दी। कैशियर ने नंबर गलत होने पर ठीक करने के लिए वापस दे दिया। उसकी बेटी के साथ खड़ा व्यक्ति ने राशि उठा लिया और कापी उस की बेटी को देकर चला गया।

पशुबाड़े का टूटा ताला भैंस तथा कटड़ी चोरी

जींद। गांव लिजवाना खुर्द में बीती रात चोरों ने पशुबाड़े का ताला तोड़ कर एक भैंस तथा कटड़ी को चोरी कर लिया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लिजवाना खुर्द निवासी मनजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने मकान के आगे पशुबाड़ा बनाया हुआ है। बीती रात चोरों ने पशु बाड़े का ताला तोड़ कर एक भैंस तथा कटड़ी को चोरी कर लिया। चोरी की घटना का उस समय पता चला जब वह सुबह पशुओं को चारा डालने पहुंचा।

कमरे का ताला तोड़कर इन्वर्टर और बैट्री चोरी

जींद। कंडेला खेतों में बने कमरे से बीती रात चोरों ने दो बैटरी, इन्वर्टर तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। पुलिस ने शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है। कंडेला निवासी बलजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने खेत में कमरा बनाया हुआ है। बीती रात चोरों ने कमरे का ताला तोड़ कर दो बैटरी, इन्वर्टर तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। घटना का सुबह उस समय पता चला जब वह खेत में पहुचा। सदर थाना पुलिस ने बलजीत की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एशियन गेम्स में देश को गोल्ड मेडल दिलाने वाली रिटौली की कीर्ति शर्मा का गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत

गांव पहुंचने पर मां ने खिलाया चूरमा, कीर्ति ने दादा को मेडल पहनाकर लिया आशीर्वाद

विधायक रामकुमार गौतम, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने बेटी को दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एशियन गेम्स में तीरंदाजी में देश को गोल्ड मेडल दिलाने वाली रिटौली की कीर्ति शर्मा का सोमवार को गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीण व अभिभावक जामनी चौक पर एकत्रित हुए और वहां से आतिशबाजी कर घर तक ले जाया गया। घर पहुंचने पर मां गुड्डी ने चुरमा खिला कर कीर्ति को गले लगाया। कीर्ति ने घर पहुंच कर दादा रामजुआरी और दादी भरपाई की झोली में गोल्ड मेडल डाला। इसके बाद कीर्ति ने दादा को गोल्ड मेडल भी पहनाया। विधायक रामकुमार गौतम, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा भी कीर्ति शर्मा को सम्मानित करने पहुंचे। विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि हम बेटी के प्रति अहसानमंद हैं कि हमारी बेटी ने सीना चौड़ा किया है। हमें कीर्ति शर्मा पर गर्व है। हमारी इच्छा है कि बेटी आगे भी मेहनत कर ओलंपिक में भी गोल्ड मेडल जीते। उन्होंने कहा कि पिता विजय शर्मा ने कर्ज उठा कर बेटी कीर्ति को खेलों में आगे बढ़ाया। वह सारा सूत समेत बेटी पूरा कर देगी और पिता का नाम भविष्य में और रोशन करेगी। उसके पिता ने बहुत अच्छा काम किया है। वह कीर्ति के पिता को भी बधाई देते हैं। एशियन गेम्स में जींद जिले में चार गोल्ड मेडल लड़कियों द्वारा हासिल किए जाने के सवाल पर विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी का विशेष ध्यान है कि जो खिलाड़ी गोल्ड, सिल्वर या अन्य पदक जीतते हैं तो उनके लिए मुख्यमंत्री की विशेष योजनाएं हैं। खिलाड़ियों को पूरा सम्मान दिया जाएगा और उनकी पूरी मदद की जाएगी। विधायक ने कहा कि जींद के साथ-साथ पूरे हरियाणा प्रदेश व देश के खिलाड़ियों के लिए मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री से मांग है कि ज्यादा से ज्यादा इन खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाएं और उनकी मदद करें और बेटियां व बेटी का हौसल बुलंद करें ताकि भविष्य में होने वाले ओलंपिक में भी गोल्ड सहित अन्य पदक लेकर आएं। गोल्ड मेडलिस्ट नीरू ढांडा की मां द्वारा भाजपा सरकार की खेल नीतियों की तारीफ करने के सवाल पर विधायक ने कहा कि वह नीरू की मां के इस बयान का स्वागत करते हैं। इसके लिए वह उनके अहसानमंद हैं। उन्होंने कहा कि वह कीर्ति शर्मा की हर संभव मदद करेंगे। मोहनलाल बड़ौली ने कीर्ति को शाल व भगवान राम की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बेटी कीर्ति शर्मा ने एशियन गेम्स में गोल्ड जीत कर गांव के साथ-साथ देश के 140 करोड़ लोगों का सीना चौड़ा कर दिया है। उनके लिए बेटी को बहुत शुभकामनाएं और आशीर्वाद। इसके अलावा कोच उधम सिंह और पिता विजय, दादा रामजुआरी, मां और परिवार के सदस्यों को वह बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि आज कीर्ति के दादाजी को खुशी हो रही है कि उनकी बेटी ने देश को ऐतिहासिक जीत दिलवाई है। उन्होंने कहा कि जब ओलंपिक देश में होंगे तो उस समय भी कीर्ति शर्मा देश को गोल्ड जीतवाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के खिलाड़ियों का जो हौसला बढ़ाने का काम किया है। वहीं हरियाणा पूरे देश में ऐसा प्रांत है जो खिलाड़ियों को सबसे ज्यादा प्रोत्साहन राशि देता है।



जींद। कीर्ति को सम्मानित करते सफीदों विधायक रामकुमार गौतम। *फोटो :हरिभूमि*





गांव, देश व प्रदेश का नाम रोशन

पिता विजय शर्मा ने कहा कि उनका सपना यही था कि बेटी कीर्ति एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल लेकर आए। बेटी ने उनका सपना पूरा किया है। कीर्ति ने पूरे गांव, हरियाणा व देश का नाम रोशन किया है। कीर्ति का फूल मालाओं व डीजे के साथ पूरे धूमधाम के साथ बेटी का स्वागत किया। कीर्ति में तीरंदाजी को लेकर बड़ा जूनून था कि वह देश के लिए गोल्ड मेडल निकाल कर आए और उनसे वह सपना पूरा किया है।

सात वर्ष पहले की आर्चरी प्रारंभ, ओलंपिक में गोल्ड जीतना सपना : कीर्ति

कीर्ति शर्मा ने कहा कि उन्होंने सात साल पहले स्कूल से आर्चरी शुरू की थी। वहां से यह खेल अच्छा लगा। इसके बाद खेलते-खेलते उसकी इसमें रुचि बढ़ी। अब आर्चरी उसके लिए जीवन बन चुका है और वह उसके बिना नहीं रह सकती। कीर्ति ने कहा कि उसे भविष्य में भी देश के लिए बहुत सारे गोल्ड मेडल जीतने हैं। वह आज भी गोल्ड मेडल लेकर पहुंची है। ओलंपिक में गोल्ड जीतना उसका सपना है। दादा व दादी की झोली में गोल्ड मेडल डालने पर कीर्ति शर्मा ने कहा कि वह दोनों घर में सबसे बड़े हैं। उनके आशीर्वाद की वजह से ही वह आज यहां तक पहुंची है। पूरे परिवार ने उसका सहयोग किया है। परिवार ने उसे आगे बढ़ाने के लिए बहुत कठिनाइयों का सामना किया है। ऐसे में इस गोल्ड पर सबसे पहला हक उन्ही का है। वह सरकार से यही मांग करती हैं कि खिलाड़ियों खासकर बेटियों को और सुविधा दे।

दो कारों की भिड़ंत में बालिका की मौत, चार व्यक्ति घायल

तीन रोहतक पीजीआई रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद-कैथल मार्ग पर गांव नगूरां के निकट दो कारों के बीच हुई भिडंत में एक कार सवार बालिका की मौत हो गई। जबकि बालिक के माता पिता समेत चार लोग घायल हो गए। जिनमें तीन की हालत गंभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया है। अलेवा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। मूलतः गांव डाहौला हाल बुढाबाबा बस्ती निवासी दलीप की पत्नी सरोज (50), उसका बेटा राहुल (25), बेटी नीतू (22), पौती वेदिका (तीन साल), दामाद गांव गतौली निवासी अनूप (35) कार्यवश गांव डाहौला गए हुए थे। सोमवार को सुबह सभी लोग कार में सवार होकर जींद लौट रहे थे। गांव चांदपुर से निकल कर जींद-कैथल मार्ग पर पर सामने से आ रही दूसरी कार ने उनकी कार को सीधी टक्कर मार दी। जिसमें कार में सवार सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने वेदिका को मृत घोषित कर दिया।



जींद। मृतक वेदिका का फाइल फोटो।

शव परिजनों को सौंपा

जबकि गांव गतौली निवासी अनूप, संतोष, राहुल की गंभीर हालात देखते हुए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। कार को गांव गतौली निवासी अनूप चला रहा था। दूसरा चालक कार को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर अलेवा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक बालिका के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। मृतका के परिजनों की शिकायत पर दूसरे गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अलेवा थाना के जांच अधिकारी जयवीर सिंह ने बताया कि मृत बालिका तथा घायल लोग एक ही परिवार के हैं। फिलहाल दूसरे गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।



पाई। जाम लगा रहे किसानों को समझाते पुलिस अधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

धान खरीद ठीक से न होने पर पूंडरी-राजौंद मार्ग पर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाई

पाई अनाज मंडी में किसानों की धान की फसल की ठीक तरह से खरीद न होने के कारण आज किसानों ने पूंडरी राजौंद मार्ग पर जाम लगा दिया। इसको एसडीम संजय सिंह ने मौके पर पहुंचकर किसानों को खरीद का आश्वासन देकर जाम को खुलवाया। किसानों का कहना है कि वह पाई मंडी में काफी समय से अपनी फसल को लेकर बैठे हुए हैं और उनकी फसल में नमी भी 17% से कम है परंतु इसके बावजूद भी उनकी फसल की खरीद नहीं की जा रही। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य 2461 घोषित किया हुआ है परंतु उनके सफाई की हुई और सुखी धान पौने दामों पर खरीद की जा रही है। उन्होंने कहा कि वे न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर अपनी फसल नहीं बचेंगे। जाम की सूचना पाकर डीएसपी सुशील कुमार और एसडीएम संजय सिंह व पूंडरी थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। जब वह जाम स्थल पर किसानों की समस्या सुन रहे थे तो उसे समय मार्केट कमेटी पाई के अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा व मार्केट कमेटी सचिव जोगेंद्र सिंह पेसिया अपने कमरे में बैठे हुए थे। किसानों को समझाने के बाद जब एसडीएम मंडी के अंदर किसानों की फसल की ढेरियां देखने के लिए गए और कमेटी के जैसे ही वे गेट पर गए तो दोनों अधिकारी उठकर बाहर आए, जिस पर पता चला है कि एसडीएम संजय कुमार ने उनको लताड़ लगाई मौके पर ही एसडीएम ने किसानों के फसल के खरीद शुरू करवाई तब कहीं जाकर किसानों ने राहत की सांस ली।

सीजेएम ने किया नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण

जींद। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष पूनम सुनेजा के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अमित सिहाग ने सोमवार को सोमनाथ मंदिर के पास नई सोच नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण सचिव ने केंद्र में उपचाराधीन व्यक्तियों को उपलब्ध करवाई जा रही चिकित्सा, भोजन, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपचाराधीन व्यक्तियों तथा केंद्र के स्टाफ से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा.निर्देश जारी किए। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्राधिकरण सचिव अमित सिहाग ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए गंभीर अभिशाप है। नशे से दूर रहकर ही स्वस्थ, सुरक्षित एवं समृद्ध समाज का निर्माण किया जा सकता है। लोगों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशा छोडने के लिए प्रेरित करें। सामूहिक प्रयासों से ही समाज को नशामुक्त बनाने के अभियान को मजबूती प्रदान की जा सकती है। बताया कि भारत में वर्ष 1985 से नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस अधिनियम लागू है। इसके तहत मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों के लिए कठोर कानूनी प्रावधान किए हैं तथा कई अपराध संज्ञेय एवं गैर.जमानती हैं। उन्होंने कहा कि कानून का उद्देश्य केवल अपराधियों को दंडित करना ही नहीं बल्कि समाज को नशे जैसी गंभीर समस्या से सुरक्षित रखना भी है।

मोक्ष वाटिका की चारदीवारी होगी ऊंची

उचाना। शहर की मोक्ष वाटिका (श्मशान घाट) में चारदीवारी ऊंची करने और पार्क में पेवर ब्लॉक लगाने के लिए डी-प्लॉन से नौ लाख रुपये से अधिक की राशि मंजूर हुई है। स्वीकृत राशि नगर पालिका में पहुंच चुकी है। इन दोनों कार्यों पर इसी राशि से काम करवाया जाएगा। मोक्ष वाटिका की चारदीवारी कई स्थानों पर नीची होने के साथ-साथ कुछ जगह से गिरने की स्थिति में है। वहीं, वाटिका परिसर में बने पार्क में पेवर ब्लॉक लगाने की मांग भी लंबे समय से की जा रही थी। कुछ माह पहले मोक्ष वाटिका कमेटी के सदस्य अमित कापड़ो की अगुवाई में कमेटी सदस्यों ने इन मांगों को लेकर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से मुलाकात की थी। नपा उचाना के जेई सत्यवान ने बताया कि मोक्ष वाटिका में होने वाले विकास कार्यों के लिए डी-प्लॉन से करीब नौ लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत होकर नगर पालिका में आ चुकी है। स्वीकृत राशि से चारदीवारी को ऊंचा करने तथा पार्क में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य करवाया जाएगा। मोक्ष वाटिका कमेटी के सदस्य आनंद, रामचंद्र, राकेश, अमित कापड़ो, गौरव, विक्की और अनिल ने बताया कि उन्होंने विधायक के समक्ष मोक्ष वाटिका की विभिन्न मांगें रखी थीं। अब इन मांगों को लेकर डी-प्लॉन से राशि मंजूर होकर नगर पालिका में पहुंच गई है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि उचाना हलका उनका परिवार है। हलके के लोगों की ओर से जो भी मांगें उनके सामने आती हैं, उन्हें पूरा करवाने का प्रयास किया जाता है।

आशा वर्कर्स ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

पूंडरी। आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा की जिला प्रधान सुषमा मेहला की अध्यक्षता में सोमवार को आशा वर्कर्स ने बीडीपीओ कार्यालय पूंडरी में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का संचालन ब्लॉक सचिव ममता ने किया। इस दौरान आगामी आंदोलन को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। जिला कैथल की विभिन्न क्षेत्रों से पहुंची आशा वर्कर्स ने अपनी समस्याएं रखीं। जिला सह-सचिव प्रकाश कौर, ब्लॉक प्रधान सुमन ने आशा वर्कर्स को संबोधित करते हुए उनकी मांगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रदर्शन के बाद आशा वर्कर्स ने हलका विधायक सतपाल जांबा के भाई एवं सरपंच लाभ सिंह जांबा को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। उन्होंने स्थानीय समस्याओं का जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया। प्रधान सुषमा ने कहा कि सरकार समय रहते आशा वर्कर्स को न्यूनतम 42 हजार रुपये मासिक वेतन देने सहित अन्य मांगों को पूरा करे, अन्यथा आगामी समय में आंदोलन तेज किया जाएगा। 1 दिसंबर को कैथल जिले की सभी आशा वर्कर्स रामलीला मैदान में एकत्रित होकर हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार के खिलाफ आशा संसद के तहत प्रदर्शन करेंगी। मुख्य मांगों में केंद्र सरकार द्वारा 2025 में घोषित 1500 रुपये की बढ़ोतरी लागू करना, 2023 की हड़ताल के दौरान काटा गया फिक्स मानदेय बहाल करना, आशाओं को पक्का कर्मचारी बनाने तक 42 हजार रुपये न्यूनतम वेतन देना, मातृत्व व चिकित्सा अवकाश, डेथ क्लेम बढ़ाना, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करना और स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर 2 लाख रुपये देना शामिल है।

20424 और 16032 का संचालन बाधित रहेगा, जींद के यात्रियों को होगी परेशानी

मथुरा और भूतेश्वर स्टेशन के बीच मरम्मत कार्य के चलते ट्रेनों के डायवर्ट या देरी से चलने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आगरा मंडल के मथुरा-पलवल ट्रैक पर मथुरा और भूतेश्वर स्टेशन के बीच मरम्मत कार्य चलेगा। इस कारण ट्रेन नंबर 20424 और 16032 का संचालन बाधित रहेगा। ट्रेन 20424 फिरोजपुर कैंट सिवनी ट्रेन 10 अक्टूबर को अपने निर्धारित रूट दिल्ली सफदरंगज, मथुरा, आगरा से नही होकर गाजियाबद, आगरा रूट से होकर संचालित करेगी। वहीं ट्रेन नंबर 16032 श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा चेन्नई सेंट्रल नौ अक्टूबर को 40 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। ऐसे में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आमतौर पर ट्रेन नंबर 20424 सुबह चार बजकर 10 मिनट पर फिरोजपुर कैंट से चल कर फरीदकोट, कोटकपूरा, बठिंडा, मानसा, बुढलाडा, जाखल, टोहाना होते हुए आठ बजकर 23 मिनट पर नरवाना पहुंचती है। यहां दो मिनट ठहराव के बाद ट्रेन उचाना होते हुए सुबह आठ बजकर 56 मिनट पर जींद पहुंचती है। यहां से ट्रेन रोहतक, बहादुरगढ़, नांगलोई, शकूरबस्ती, दिल्ली सफरदंजग, मथुरा, आगरा, ग्वालियर, झांसी, ललितपुर, भोपाल होते हुए ट्रेन सीवनी पहुंचती है। जबकि 10 अक्टूबर को डायवर्ट रूट के कारण ट्रेन गाजियाबद व आगरा रूट से होकर आगे जाएगी। जबकि ट्रेन नंबर 16032 श्रीमाता देवी वैष्णो कटरा एक्सप्रेस रात साढ़े 10 बजे कटरा से चल कर जम्मूतवी, पठानकोट, जालंधर कैंट, लुधियाना, धुरी, संगरूर, जाखल, टोहाना होते नरवाना 10 बजे पहुंचती है। यहां ट्रेन दो मिनट ठहराव के बाद उचाना, बरसोला होते हुए 10 बजकर 42 मिनट पर जींद पहुंचती है। यहां तीन मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन जुलाना, रोहतक, बहादुरगढ़, नई दिल्ली, मथुरा, आगरा, ग्वालियर, झांसी, भोपाल, नागपुर, चंदरपुर होते हुए सात बजे ट्रेन चेन्नई पहुंचती है। इस ट्रेन को रास्ते में एक स्टेशन पर 40 मिनट रोककर चलाया जाएगा। ऐसे में यात्रियों को अपने निर्धारित स्थान पर पहुंचने में देरी हो सकती है।



अभी नहीं आया नोटिफिकेशन

रेलवे जंक्शन स्टेशन अधीक्षक जेएस कुंडू ने बताया कि अभी मथुरा और भूतेश्वर स्टेशन के बीच मरम्मत कार्य के चलते ट्रेनों के डायवर्ट या देरी से चलने को लेकर अधिकारिक नोटिफिकेशन नहीं आया है। इसके बारे में पता किया जाएगा। अगर ऐसा कोई नोटिफिकेशन आता है तो इसके बारे में यात्रियों को अवगत करवा दिया जाएगा।



पूंडरी। सोमवार को धरना व प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

जेई तबादलों के विरोध में जमकर नारेबाजी

पूंडरी। सुनील जेई और नरेश जेई के तबादलों के विरोध में बिजली निगम के कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन सोमवार को भी जारी रहा। यूनिट पूंडरी के आह्वान पर निगम की विभिन्न सब यूनिटों के कर्मचारियों ने कार्य निर्लंबित कर डिविजन परिसर में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक धरना दिया। धरने की अध्यक्षता यूनिट पूंडरी के धर्मपाल जेई ने की, जबकि मंच का संचालन विनोद जेई ने किया। धरने पर बैठे कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि पूंडरी विधायक सतपाल जांबा द्वारा विभागीय नियमों के खिलाफ दबाव बनाकर कार्य करवाने का प्रयास किया जा रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि दोनों जेई के किए गए तबादले उन्हें अनुचित लग रहे हैं और इन्हीं तबादलों के विरोध में कर्मचारियों में रोष है। कर्मचारियों ने निगम प्रशासन से दोनों तबादलों को रद्द करने की मांग की। धरने की अध्यक्षता करते हुए धर्मपाल जेई ने कहा कि विधायक और निगम प्रशासन अपने रवैये पर अड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों जेई के तबादलों को लेकर यूनियन के कर्मचारियों में भारी रोष है। कर्मचारियों का कहना है कि विभागीय नियमों के अनुसार ही अधिकारियों और कर्मचारियों से संबंधित निर्णय लिए जाने चाहिए। धरने में राज्य कार्यकारिणी के राज्य प्रधान इकबाल चंदाना भी पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों को संबोधित करते कहा कि दोनों जेई के तबादलों को लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है।

खबर संक्षेप

हरदीप उपप्रधान,व राजेश मलिक महासचिव नियुक्त

उचाना। फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल उचाना ब्लॉक की बैठक सोमवार को ब्लॉक प्रधान नरेंद्र वत्स की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की कार्यकारिणी का गठन किया। हरदीप श्योकंद को उपप्रधान, राकेश पालवां को प्रेस प्रवक्ता, राजेश मलिक को महासचिव, वीरेंद्र बूरा को सचिव, बिजेंद्र सिंह को कोषाध्यक्ष और अनूप शर्मा को सहसचिव बनाया गया। राजेश मौण, सुनील , राजेश चहल, जयवीर संधू और साधुराम खटखड़ को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई।

सेवा ज्योति यात्रा में भाग लेने का किया आह्वान

जुलाना। हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी के जुलाना स्थित कार्यालय में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने की। मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी ने शिरकत की। पार्टी के कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की गई और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। कैप्टन बैरागी ने कहा कि जुलाना विस के भाजपा कार्यकर्ता सेवा, संकल्प और संगठन की एकजुटता के साथ लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रशिक्षण पर वर्कशॉप

जींद। स्थानीय महाराजा अग्रसेन विद्यालय में सीबीएसई कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रशिक्षण पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 60 शिक्षकों ने भागीदारी की। इस कार्यक्रम की रिसोर्स पर्सन राजबाला रेढ़ु प्रिंसीपल एनपीएस डाहौला से और सत्येन्द्र एचओडी इंग्लिश सिल्वर ऑक इंटरनेशनल स्कूल कैथल से रहे। जिन्होंने ज्ञान एवं अनुभवों से हमें अवगत करा वातावरण को सरस बनाए रखा। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया।

एसडीएम ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं

नरवाना। एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। क्षेत्रवासियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को एसडीएम के समक्ष रखा। एसडीएम ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का नियमानुसार एवं समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें।

आज मनाई जाएगी महेंद्र सिंह टिकैत की 91वीं जयंती

जींद। भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक एवं किसान मसीहा महेंद्र सिंह टिकैत की 91वीं जयंती मंगलवार को किसान जागृति दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर मुजफ्फरनगर जिले के सिसौली गांव में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही देशभर में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर किसान नेता महेंद्र सिंह टिकैत को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। भारतीय किसान यूनियन के जींद जिला प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल ने बताया कि सिसौली स्थित किसान भवन में सुबह आठ बजे हवन का आयोजन किया जाएगा।

मां बनभौरी का द्वितीय विशाल जागरण 11 को

उचाना। जय मां बनभौरी सेवा समिति उचाना की ओर से प्रथम नवरात्र के अवसर पर 11 अक्टूबर को उचाना मंडी में द्वितीय विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण को लेकर समिति सदस्यों ने शहर व अनाज मंडी में दुकान-दुकान जाकर श्रद्धालुओं को निमंत्रण देना शुरू कर दिया है। वहीं महिलाओं की टीम द्वारा विभिन्न कॉलोनियों में घर-घर जाकर जागरण का निमंत्रण दिया जा रहा है। समिति प्रधान गौरव के नेतृत्व में विकास मखंड, अनिल, प्रवीण, श्यामलाल, कौशल मौजूद थे।

दस से 12 बजे तक रखी पेन डाउन हड़ताल, इमरजेंसी सेवाओं में दी ड्यूटी

नर्सिंग ऑफिसर ने 3 दिन की हड़ताल के बावजूद निभाया सामाजिक दायित्व

वार्डों में भी की पेशेंट केयर, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

नर्सिंग ऑफिसर को मॉडल ट्रांसफर पॉलिसी के दायरे से बाहर रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नर्सिंग आफिसर्स वेलफेयर एसो.के आह्वान पर नागरिक अस्पताल में सोमवार से सुबह दस से 12 दो घंटे तक पेन डाउन हड़ताल की। नर्सिंग ऑफिसर ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा लागू की जा रही आनलाइन ट्रांसफर पालिसी को लेकर विरोध जताया। हालांकि नर्सिंग ऑफिसर ने पेन डाउन हडताल के बाद भी सामाजिक दायित्व निभाया और पेशेंट केयर की। इसके साथ ही इमरजेंसी व आप्रेशन थिएटर में भी नर्सिंग ऑफिसर ने काम किया। बाद में नर्सिंग ऑफिसर ने मांगों को लेकर सीएमओ डा. सुमन कोहली को ज्ञापन सौंपा।

नागरिक अस्पताल के मुख्य गेट पर एकत्रित हो किया रोष प्रकट

नागरिक अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर जिला सचिव सुनीता देवी की दिशा-निर्देशन में एकत्रित हुई और दो घंटे के लिए पेन डाउन हडताल शुरू की। नर्सिंग ऑफिसर शारदा व मनीषा बरसाना ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों के लिए लागू की गई मॉडल आनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की सही नही है। यह पॉलिसी नर्सिंग कैडर की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रख कर नहीं बनाई गई है। पॉलिसी के तहत एक स्टेशन पर 5 वर्ष पूरे कर चुके कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से ट्रांसफर ड्राइव में शामिल होना पड़ेगा। यह व्यवस्था नर्सिंग स्टाफ के लिए व्यावहारिक नहीं है। प्रदेश में करीब 5,500 नर्सिंग स्टाफ हैं। इनमें 98 प्रतिशत फीमेल हैं। नर्सिंग स्टाफ को मॉर्निंग, ईवनिंग व नाइट शिफ्ट में ड्यूटी करनी पड़ती है। दूसरे जिले में ट्रांसफर होने पर महिला कर्मचारियों को सुरक्षा, पारिवारिक जिम्मेदारियों से जुड़ी समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। बार-बार स्थानांतरण से बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ेगा। ओटीपी से पहले रिक्त पद प्रदर्शित कर उन्हें भरा जाए। च्वायस पूछे जाए, रिक्त पद पर ही ट्रांसफर हो। जिला अस्पतालों में रोटेशन ड्यूटी जिला सीमा में रखी जाए। कर्मचारियों के लिए म्यूचुअल ट्रांसफर का विकल्प उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों को इधर-उधर करने की बजाय स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करते हुए जिलों में खाली पदों को नियमित भर्ती से भरते हुए बेरोजगारों को रोजगार प्रदान करे। नर्सिंग ऑफिसर को मॉडल ट्रांसफर पॉलिसी के दायरे से बाहर रखा जाए। बाद में नर्सिंग ऑफिसर ने मांगों को लेकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा।


नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के सामने रोष व्यक्त करते नर्सिंग ऑफिसर।


सीएमओ को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए नर्सिंग ऑफिसर।

कोई परेशानी नही आने दी: पीएमओ

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि नर्सिंग ऑफिसर ने दो घंटे की हडताल के बावजूद पेशेंट केयर को लेकर सामाजिक दायित्व निभाया है। अस्पताल में दाखिल मरीजों व अन्य मरीजों को उपचार को लेकर किसी तरह की कोई परेशानी नही आने दी गई है। हडताल के बाद नर्सिंग ऑफिसर वापस काम पर लौट आई।

सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

तीन दिन तक दो घंटे की पेन डाउन हडताल के बावजूद नर्सिंग ऑफिसर ने सामाजिक दायित्व को निभाते हुए पेशेंट केयर को त्वज्जो दी। इमरजेंसी वार्ड, ओटी व महिला वार्ड में नर्सिंग ऑफिसर ने आम दिनों की तरह ही ड्यूटी की। जैसे ही दो घंटे की पेन डाउन हडताल समाप्त हुई तो नर्सिंग ऑफिसर फिर से काम पर सुचारू रूप से लौट आई।



जींद। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते छात्र व महाविद्यालय स्टाफ।

युवा देश के लोकतांत्रिक भविष्य की महत्वपूर्ण कड़ी

■ राजकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय कालेज में सेवा संकल्प अभियान के तहत निर्वाचन क्लब द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मतदान के महत्वए मतदाता के अधिकार एवं कर्तव्यों तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी । विद्यार्थियों को जागरूक किया गया कि एक जागरूक मतदाता ही मजबूत एवं सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि मतदान केवल हमारा अधिकार ही नही बल्कि लोकतंत्र के प्रति हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। युवाओं को अपने मताधिकार का विवेकपूर्ण एवं निष्पक्ष प्रयोग करते लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डा. लाभ सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि युवा देश के लोकतांत्रिक भविष्य की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। प्रत्येक युवा को मतदान प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त करनी चाहिए और अपने मताधिकार का स्वतंत्र एवं जिम्मेदारीपूर्वक प्रयोग करना चाहिए। विद्यार्थियों से अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने, मतदाता पहचान पत्र से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त करने तथा अपने मताधिकार का स्वतंत्र एवं जिम्मेदारीपूर्वक प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विद्यार्थियों से अपने परिवारए मित्रों एवं आसपास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय एवं जिम्मेदार भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहा।

अर्जुन स्टेडियम से कल निकलेगी सेवा ज्योति यात्रा

जींद। सेवा संकल्प अभियान के तहत सात अक्टूबर को स्थानीय अर्जुन स्टेडियम में सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सेवा, समर्पण और जनभागीदारी का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण भी बड़ी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया जाएगा। आयोजन को भव्य एवं व्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर डीसी डा. वैशाली शर्मा ने सोमवार को संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और अब तक की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को समय रहते अंतिम रूप दिया जाए। बैठक में एसडीएम सत्यवान मान, डीएमसी अनिल दून, नगराधीश मोनिका रानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा केवल एक आयोजन नहीं बल्कि सेवा, समर्पण और जनभागीदारी की भावना को मजबूत करने का माध्यम है।



जींद। मीटिंग की अध्यक्षता करते डीसी डा. वैशाली शर्मा। *फोटो :हरिभूमि*


जींद। शिक्षकों को सम्मानित करते वीसी। *फोटो :हरिभूमि*

शिक्षक राष्ट्र की भावी पीढ़ी के भाग्य विधाता : डॉ. सैनी

जींद। केंद्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर जींद में प्रांतीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। स्वामी दिव्यानंद के सानिध्य वेदों की ऋचाओं और महायज्ञ की आहुतियों के बीच समारोह में हरियाणा के विभिन्न जिलों से पहुंचे 131 राष्ट्रीय एवं राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक व शिक्षिकाओं को सम्मानित किया । शिक्षकों को अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके शिक्षा क्षेत्र में योगदान का अभिनंदन किया गया। समारोह में विवि कुलपति डा. रामपाल सैनी मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता केंद्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री महेंद्र भाई ने की। समाजसेवी डा. अमीरचंद यादव ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यअतिथि डा. रामपाल सैनी ने कहा कि शिक्षक का दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूरा करवाना और परीक्षा परिणाम बेहतर करना नहीं है। शिक्षक विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों, अनुशासन, वैज्ञानिक सोच और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राष्ट्रीय महामंत्री महेंद्र भाई ने कहा कि शिक्षा मनुष्य के भीतर अज्ञान के अंधकार को मिटा कर ज्ञान का प्रकाश फैलाती है।


नरवाना। श्रद्धालु कथा श्रवण करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

प्रह्लाद चरित्र ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

नरवाना। 18वें भागवत महापुराण यज्ञ के अंतर्गत सिंगला धर्मशाला, पटेल नगर, नरवाना में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने भगवान की भक्ति, त्याग, वैराग्य और धर्म के विभिन्न प्रसंगों का श्रवण किया। कथा वाचक राजीव वत्स जी ने भागवत कथा के दौरान जड़भरत की कथा एवं प्रह्लाद चरित्र का अत्यंत भावपूर्ण एवं आध्यात्मिक वर्णन किया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे और भजनों तथा भगवान के जयकारों से कथा पंडाल भक्तिमय हो उठा। कथा वाचक राजीव वत्स ने जड़भरत की कथा सुनाते बताया कि मनुष्य को सांसारिक मोह-माया से ऊपर उठकर अपने जीवन का उद्देश्य समझना चाहिए। जड़भरत के जीवन प्रसंग के माध्यम से उन्होंने समझाया कि भगवान की भक्ति, आत्मचिंतन और वैराग्य मनुष्य को आध्यात्मिक उन्नति की ओर ले जाते हैं। कहा कि मनुष्य को कर्मों का फल अवश्य प्राप्त होता है, इसलिए जीवन में सद्कर्म, संयम और प्रभु का स्मरण करना चाहिए। इसके पश्चात कथा वाचक ने भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद जी के चरित्र का विस्तार से वर्णन किया।

नृत्य प्रतियोगिता में रितु अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

चौधरी रणबीर सिंह विवि के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के दिशानिर्देशानुसार राजीव गांधी सनातन धर्म सह-शिक्षा कालेज नरवाना में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस का आयोजन किया गया। नृत्य , गायन, भाषण एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं में बी.ए. प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष, बी.कॉम. प्रथम वर्ष ,द्वितीय वर्ष एवं बी.एससी. प्रथम वर्ष की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।मंच संचालन कॉमर्स प्रवक्ता वर्षा यादव द्वारा सफलतापूर्वक किया । नृत्य में प्रथम स्थान रितु, बी.एससी. प्रथम वर्ष की छात्रा ना करें मीठी-मीठी बातें ने, द्वितीय स्थान सलोनी बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा बीन बजादे ने तथा तृतीय स्थान सिमरन बी.कॉम. प्रथम वर्ष की छात्रा मीठे तेरे बोल परी ने प्राप्त किया। कालेज की प्राचार्या डॉ. बबीता गर्ग ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी छिपी हुई प्रतिभा को पहचानने और उसे मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करती हैं। सभी विजेता एवं प्रतिभागी छात्रों को शुभकामनाएँ देते कहा कि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।



नरवाना। छात्राएं नृत्य करती और अन्य प्रस्तुती देते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का आह्वान

■ स्वाइन फ्लू व डेंगू से बचाव को लेकर जाजवान में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत आने वाले गांव जाजवान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वाइन फ्लू व डेंगू से बचाव को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस दौरान एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा ने ग्रामीणों को स्वाइन फ्लू व डेंगू के लक्षण, से बचाव तथा समय पर उपचार करवाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सुशील शर्मा ने बताया कि स्वाइन फ्लू एक संक्रामक श्वसन रोग है, जो इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण होता है। यह संक्रमित व्यक्ति के खांसने, छींकने या बातचीत करने के दौरान निकलने वाली श्वसन बूंदों के माध्यम से फैल सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें और बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही न बरतें। उन्होंने बताया कि स्वाइन फ्लू के प्रमुख लक्षणों में बुखार, खांसी, गले में खराश, नाक बहना, सिर दर्द, शरीर में दर्द, थकान तथा कभी-कभी उल्टी व दस्त शामिल हो सकते हैं। छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों तथा पहले से किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों में संक्रमण का जोखिम अधिक हो सकता है। स्वास्थ्य कर्मी सुशील शर्मा ने ग्रामीणों को सलाह दी कि खांसते और छींकते समय मुंह व नाक को रुमाल या कोहनी से ढकें। नियमित रूप से साबुन और पानी से हाथ धोएं तथा बिना हाथ धोएं। आंख, नाक और मुंह को छूने से बचें। बुखार या खांसी से पीड़ित व्यक्ति दूसरों के संपर्क में आने से बचें और चिकित्सकीय सलाह लें। उन्होंने कहा कि घर एवं आसपास के वातावरण में स्वच्छता बनाए रखना, पर्याप्त आराम करना और पौष्टिक आहार लेना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।





जींद। बेटी बचाओ, बेटी पढाओ को लेकर जागरूक करते स्वास्थ्यकर्मी।

सभी से आह्वान किया कि बेटा व बेटी में भेदभाव न करें

जींद। गांव रुपगढ़ में स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कार्यकर्ता मूर्ति देवी एवं मुकेश रानी ने उपस्थित महिलाओं, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों को बेटियों के जन्म को बढ़ावा देने, लिंग भेदभाव को समाप्त करने तथा बेटियों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ केवल एक नारा नहीं बल्कि समाज की सोच बदलने का अभियान है। बेटियों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बना कर ही हम विकसित समाज का निर्माण कर सकते हैं। सभी से आह्वान किया कि बेटा व बेटी में भेदभाव न करें और बेटियों को आगे बढवो के समान अवसर दें। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं ने बढ़.चढ़कर भाग लिया और बेटी बचाने व पढ़ाने का संकल्प लिया। आशा वर्कर सुमन, रेखा, अनीता, कलावती, मुकेश, राजरानी आदि मौजूद रहे।

समाधान शिविर में पहुंची आमजन की समस्याएं, डीसी ने अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

बिजली, पानी, पेंशन,पीपीपी, प्रॉपर्टी आईडी और इंतकाल से जुड़े मामलों पर अधिकारियों से मांगी कार्रवाई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लघु सचिवालय स्थित सभागार में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं डीसी डा. वैशाली शर्मा के समक्ष रखी। डीसी ने एक-एक शिकायत को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन मामलों का समाधान मौके पर संभव है, उन्हें बिना देरी के निपटाया जाएए जबकि अन्य मामलों में निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई पूरी की जाए। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि समाधान शिविर आमजन और प्रशासन के बीच सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों में जाकर अपनी शिकायतें रखने के बजाय एक ही स्थान पर संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखने और उनके समाधान की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निपटारे में संवेदनशीलता और तत्परता बरती जाए ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।



जींद। जन समस्याएं सुनते हुए डीसी। *फोटो :हरिभूमि*

हर सोमवार-वीरवार को शिविर

डीसी ने आमजन से समाधान शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिला एवं उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को सरल, सुलभ और पारदर्शी प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। एडीसी प्रदीप कुमार, एसडीएम सत्यवान मान, सीटीएम मोनिका रानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ता। *फोटो :हरिभूमि*

स्वदेशी जागरण मंच का परिवार मिलन समारोह

जींद। स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संस्थापक एवं हमारा परिवार के संयोजक की उपस्थिति में परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय सेवा, संगठन, स्वदेशी, देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुआ। जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिकता और राष्ट्रभाव का संचार हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संस्थापक एवं हमारा परिवार के संयोजक डा. सुरेंद्र ने अपने विचार रखते सेवाए संगठन और स्वदेशी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। राष्ट्र निर्माण में समाज की सक्रिय भागीदारी, पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण तथा देश के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करने पर जोर दिया। समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय टोली सदस्य सुनील शर्मा ने की। संबोधन में कहा कि धर्म सर्वोपरि है, राष्ट्रीय सेवा सर्वोपरि है और राष्ट्र के प्रति समर्पण सर्वोपरि है। इन्हीं मूल भावनाओं को केंद्र में रख कर कार्यक्रम का आयोजन किया है।

खबर संक्षेप

घर में घुसकर युवक से की मारपीट, 6 नामजद

कैथल। सीवन के गांव सैर में घर में घुसकर एक युवक पर हमला कर दिया। आरोप है कि 6 नामजद आरोपियों ने 3-4 अन्य लोगों के साथ मिलकर युवक को डंडे, पंच और गंडासी से पीटा। हमले में युवक के सिर, नाक, बांह समेत शरीर पर पांच चोटें आई हैं। गंभीर चोटों के चलते उसे गुहला से कैथल के सिविल अस्पताल रेफर किया गया। सीवन थाना पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सैर निवासी संदीप ने बताया कि 2 की सुबह करीब 5 बजे वह बच्चों के साथ घर में सो रहा था।

विभिन्न सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण जारी

कैथल। 5 अक्टूबर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), क्षेत्र संकार्य प्रभाग (एफओडी), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अक्टूबर 2026 के दौरान जिले में विभिन्न सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण किए जा रहे हैं। इन सर्वेक्षणों से प्राप्त आंकड़ों का उपयोग राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर विकास योजनाओं और नीतियों के निर्माण तथा प्रभावी क्रियान्वयन में किया जाता है। जिले में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के तहत सीवन वार्ड नंबर-6 तथा श्यूमाजरा में सर्वेक्षण किया जा रहा है।

बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश की अंतिम तिथि आज

राजौंद। राजकीय महाविद्यालय राजौंद में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 6 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि जो विद्यार्थी अभी तक बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश नहीं ले पाए हैं, वे निर्धारित अंतिम तिथि तक अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए समय रहते प्रवेश सुनिश्चित करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

सट्टा खाईवाली कर रहा आरोपी दबोचा

कैथल। सीआईए कलायत पुलिस द्वारा सट्टा खाईवाली कर रहा आरोपी काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 4950 रुपये नकदी बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए कलायत पुलिस प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की अगुवाई में एएसआई मंजीत सिंह की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार वार्ड न0 7 रामगढ रोड कलायत निवासी सरवन कुमार उर्फ बोबी अपने मकान के बाहर दबिश देकर गली सरेआम में सट्टा की खाईवाली कर रहा सरवन कुमार को योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर काबू किया।

गांव खुराना से नशा तस्कर गिरफ्तार

कैथल। थाना सदर कैथल पुलिस द्वारा गांव खुराना से एक आरोपी को 5 किलो 170 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सदर प्रभारी एसआई कुलदीप सिंह की अगुवाई में एसआई जसबीर सिंह की टीम गश्त दौरान खुराना रोड पर मौजूद थी। सहयोगी सूत्रों से पुलिस को गुप्त जानकारी मिली कि गांव खुराना निवासी रमेश अपनी गाड़ी टाटा ईवी में गांजा फूल पत्ती लेकर गांव खुराना से कैथल की तरफ आ रहा है तथा अपने आसपास के ग्राहकों को गांजा फूल पत्ती बेचने का काम करता है।

प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

उचाना। एसडी महिला कॉलेज में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के तहत डांस और सिंगिंग प्रतियोगिताएं हुईं। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. अंजू श्योकंद ने की। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डांस में छात्राओं ने हरियाणवी, पंजाबी और फिल्मी गीतों पर एकल नृत्य प्रस्तुत किए। वहीं, सिंगिंग में छात्राओं ने विभिन्न गीत प्रस्तुत कर गायन प्रतिभा दिखाई। सिंगिंग में बीए प्रथम वर्ष की प्रियंका ने प्रथम, बीए अंतिम वर्ष की रचना ने द्वितीय और बीए अंतिम वर्ष की अंतिम ने तृतीय स्थान हासिल किया।

जूनियर जिला स्तरीय चैंपियनशिप में कैथल ने कलायत को दी मात

नेटबॉल में कैथल का दबदबा, बालक बालिका दोनों वर्गों में रहा चैंपियन

राजौंद और सीवन ने भी जीते कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

इंदिरा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में आयोजित दो दिवसीय जूनियर जिला स्तरीय नेटबॉल चैंपियनशिप 2026-27 का रविवार को शानदार समापन हुआ। नेटबॉल एसोसिएशन ऑफ डिस्ट्रिक्ट कैथल की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में जिले की 10 टीमों ने भाग लिया। कैथल की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक और बालिका दोनों वर्गों में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता में ट्रेडिशनल, फास्ट5 और मिक्स्ड वर्गों में मुकाबले करवाए गए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि समाजसेवी संदीप, राजेश उर्फ डब्ल्यू और जिला एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सूरज सहारण ने खिलाड़ियों को मेडल व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।



विजेता खिलाड़ियों को मेडल व ट्रॉफी प्रदान करते अतिथि एवं एसोसिएशन पदाधिकारी।

ट्रेडिशनल वर्ग में राजौंद ने सीवन को हरा कांस्य जीता

बालक वर्ग के ट्रेडिशनल, फास्ट5 और मिक्स्ड वर्गों के फाइनल मुकाबलों में कैथल और कलायत की टीमें आमने-सामने रहीं। दोनों टीमों के बीच शुरुआत से ही कड़ा मुकाबला हुआ। कैथल के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल, मजबूत डिफेंस और सटीक अटैक के दम पर कलायत को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। कलायत उपविजेता रहा। तीसरे स्थान के मुकाबले में ट्रेडिशनल वर्ग में राजौंद ने सीवन को हराकर कांस्य पदक जीता। फास्ट5 वर्ग में सीवन ने राजौंद को मात देकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

कलायत को उपविजेता से संतोष करना पड़ा

बालिका वर्ग के ट्रेडिशनल और फास्ट5 दोनों फाइनल मुकाबलों में कैथल और कलायत की टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत हुई। कैथल की खिलाड़ियों ने शानदार डिफेंस और तेज अटैक का प्रदर्शन करते हुए दोनों मुकाबलों में कलायत को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। कलायत को उपविजेता से संतोष करना पड़ा। तीसरे स्थान के मुकाबले में राजौंद ने ढांड को हराकर कांस्य पदक जीता।

जिले में नेटबॉल का भविष्य उज्ज्वल : अशोक सहारण

एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सहारण ने कहा कि कैथल जिले में नेटबॉल की प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। खिलाड़ियों में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने की पूरी क्षमता है। एसोसिएशन की ओर से भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित कर खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग देने वाले टीम मैनेजरों, कोच, रेफरी पैनल, ग्राउंड स्टाफ और खेल प्रेमियों का आभार जताया।



सेवा संकल्प अभियानः खिलाड़ियों ने लिया नशे से दूर रहने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को छोटू राम इंडोर स्टेडियम कैथल में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें खिलाड़ियों एवं बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जूडो तथा बॉक्सिंग के मैच भी करवाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हैंडबॉल कोच राजेश रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर देता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ना चाहिए। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि युवाओं में मेहनत करने के लिए भी जागरूक करते है। इस दौरान खिलाड़ियों ने नशे को ना, खेलों को हां का संदेश देते हुए नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में लगभग 300 बच्चों एवं खिलाड़ियों ने भाग लिया।

एमडीएन ग्लोबल स्कूल में एआई साइबर सुरक्षा पर विशेष सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल में हारट्रॉन एडवांस्ड स्किल सेंटर के सहयोग से विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, डेटा साइंस एवं क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी आधुनिक एवं रोजगारपरक तकनीकों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, चेयरपर्सन निधि कंसल, मैनेजर गौरव गर्ग एवं प्रधानाचार्य डॉ. संत कौशिक ने हारट्रॉन सेंटर के निदेशक पंकज आत्रेय, असिस्टेंट प्रोफेसर रवि जांगड़ा तथा सुजल चौहान का स्वागत एवं अभिनंदन करके किया। सेमिनार में विशेषज्ञ वक्ताओं ने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, बैंकिंग, कृषि, संचार और शोध सहित लगभग प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित कर रही है। विद्यार्थियों को ए. आई. के जिम्मेदार एवं सुरक्षित उपयोग, मशीन लर्निंग, ऑटोमेशन तथा भविष्य में इसके बढ़ते अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने क्लाउड कंप्यूटिंग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार इंटरनेट आधारित क्लाउड सेवाओं के माध्यम से डेटा, एप्लीकेशन एवं कंप्यूटिंग संसाधनों का सुरक्षित और सुविधाजनक उपयोग किया जा सकता है।



कैथल। विद्यार्थियों को संबोधित करते अधिकारी।

पेयजल आपूर्ति बहाल करने सहित विभिन्न समस्याओं के समयबद्ध समाधान के निर्देश

- समाधान शिविर में डीसी ने सुनी आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में डीसी अपराजिता ने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में तालाब से अवैध कब्जा हटाने, आवास योजना का लाभ दिलवाने तथा पेयजल आपूर्ति बहाल करने सहित विभिन्न समस्याएं आई। गांव मुन्दड़ी निवासी भाग सिंह ने गांव के तालाब पर अवैध कब्जे और प्रदूषण की समस्या रखी। तालाब की पैमाइश एवं निशानदेही करवाकर अवैध कब्जे हटाने तथा तालाब की सफाई करवाने की मांग की। गांव धर्मपुरा निवासी राजो ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने की मांग की। उन्होंने बताया कि उनका मकान जर्जर स्थिति में है और टीन की छत से बारिश के दौरान पानी टपकता है। परिवार में चार बेटियां हैं और परिवार बीपीएल श्रेणी से संबंधित है। इसी प्रकार कैथल के वार्ड नंबर 13 स्थित फ्रेंड्स कॉलोनी की गली नंबर 3 निवासी राजबाला शर्मा ने पिछले तीन-चार महीनों से पेयजल आपूर्ति बाधित होने की शिकायत रखी। उन्होंने बताया कि पहले उनके घर में सीवरेज का गंदा पानी आ रहा था।



कैथल। डीसी अपराजिता लोगों की शिकायत सुनते हुए। फोटो :हरिभूमि



श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

नगर के दुर्गा मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के तीसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान की महिमा का श्रवण किया। कथा व्यास अरविंद शास्त्री ने श्रीमद्भागवत के विभिन्न पावन प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा के तीसरे दिन मुख्य रूप से कपिलेश्वर अवतार, कपिल-देवहूति संवाद, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र और विदुर चरित्र जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया गया। कथा में असंध विधानसभा से विधायक योगेंद्र राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया और आयोजन को लेकर अपनी शुभकामनाएं दी।

ऑल इंडिया सीबीएसई नेशनल गेम्स में शानदार प्रदर्शन

कौलेखां की बेटी जयश्ना ने जूडो में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव कौलेखां की बेटी जयश्ना सहारण ने जूडो के क्षेत्र में शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए ऑल इंडिया सीबीएसई नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर गांव, स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है। जयश्ना ने अंडर-17 की 63 किलोग्राम भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जयश्ना ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल, कैथल की छात्रा हैं। जूडो में अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए वह जोगिंदर सिंह के नेतृत्व में छौटूराम इंडोर स्टेडियम, कैथल में नियमित रूप से अभ्यास करती रही हैं। कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास और खेल के प्रति समर्पण के चलते जयश्ना ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया।

मेहनत और लगन से हासिल किया मुकाम



जयश्ना ने प्रतियोगिता में आत्मविश्वास के साथ मुकाबले खेले और अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर स्वर्ण पदक हासिल किया। उसकी इस उपलब्धि में परिवार के प्रोत्साहन के साथ-साथ प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और नियमित अभ्यास की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जयश्ना के पिता सुनील सहारण और माता मंजू मान सहारण ने बेटी की इस उपलब्धि पर खुशी जताई। पिता सुनील सहारण ने कहा कि बेटी की मेहनत को स्वर्ण पदक में बदलते देखना परिवार के लिए बेहद गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि "जयश्ना ने जिस लगन और मेहनत के साथ जूडो में अभ्यास किया, आज उसका परिणाम पूरे परिवार और गांव के सामने है। हमारी बेटी ने हमारा ही नहीं, बल्कि पूरे कौलेखां गांव का नाम रोशन किया है। हम चाहते हैं कि वह आगे भी इसी तरह मेहनत करती रहे।

गांव में खुशी की लहर

जयश्ना की स्वर्णिम सफलता की खबर गांव कौलेखां में पहुंचते ही खुशी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने कहा कि गांव की बेटी ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर पूरे कौलेखां का नाम रोशन किया है। जयश्ना की उपलब्धि को लेकर परिवार के साथ-साथ ग्रामीणों में भी उत्साह है। ग्रामीणों ने कहा कि जयश्ना की सफलता गांव की अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणादायक है। उसने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर यह दिखाया है कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं। ग्रामीणों ने जयश्ना और उसके माता-पिता सुनील सहारण व मंजू मान सहारण को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल, कैथल की छात्रा जयश्ना के राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने से स्कूल में भी खुशी का माहौल है। उसकी इस उपलब्धि पर स्कूल परिवार और खेल प्रेमियों ने उसे बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं।

न्यूज डायरी



पशुओं की बेहतर देखभाल का दिया संदेश

कलायत। आदर्श गांव बालू में विश्व पशु दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। पशु शल्य चिकित्सक डा.पवन बुरा की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में पशुओं के संरक्षण, सम्मान और बेहतर देखभाल का संदेश दिया गया। दौरान बड़ी संख्या में पशु पालक व आम लोग मौजूद रहे। डा.पवन बुरा ने कहा कि विश्व पशु दिवस का उद्देश्य पशुओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना है। पशु सही मायने में पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इसलिए उनकी देखभाल करना समाज की जिम्मेदारी है। पशुओं के स्वास्थ्य और कल्याण से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों पर विशेष ध्यान देना जरूरी है।



शिविर में 500 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

राजौंद। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजौंद में सेवा संकल्प अभियान के तहत विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे करीब 500 मरीजों की जिला कैथल से आई विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने जांच की तथा मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।शिविर में स्त्री रोग, नेत्र रोग, छाती रोग और एमडी मेडिसिन विभाग के चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। मरीजों की खून, पेशाब, छाती के एक्स-रे और ईसीजी सहित विभिन्न जांच की गईं। करीब 75 लोगों की मौके पर ही आभा आईडी बनाई गई, जबकि अंत्योदय परिवारों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया भी की गई।



डीसी से मिले किसान यूनियन के पदाधिकारी

राजौंद। किसानों की धान खरीद से संबंधित समस्याओं को लेकर किसान यूनियन के मीडिया प्रभारी सुभाष बढ़सीकरी के नेतृत्व में यूनियन की कार्यकारिणी के सदस्यों ने किसानों के साथ डीसी अपराजिता से मुलाकात की। किसानों ने मंडी में धान की खरीद व्यवस्था को लेकर अपनी समस्याएं डीसी के समक्ष रखीं। किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने मांग की कि धान की खरीद के लिए एक एजेंसी की बजाय दो या तीन खरीद एजेंसियां लगाई जाएं, ताकि मंडी में किसानों की फसल की खरीद तेजी से हो सके। सतपाल, कुलदीप घड़ी, प्रदीप कुराड़, शहरी प्रधान रणधीर बालू आदि मौजूद रहे।



गायत्री स्कूल में मनाया 22वां वार्षिक उत्सव

कैथल। माता गेट स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 22वां वार्षिक उत्सव हर्षोउल्लास व धूमधाम से संपन्न हुआ। जिसमे विद्यार्थियों द्वारा भव्य रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें विद्यार्थियों ने गीत, भंगड़ा, गिद्धा , हरियाणवी नृत्य समेत अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रधानाचार्या वनिता गुप्ता मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि वनिता गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। मंच संचालन अंजलि ने किया। आठवीं कक्षा के छात्रों ने अपनी हास्य प्रस्तुति से सभी का खूब मनोरंजन किया।



आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम हुआ

कैथल। ब्लॉक कैथल शहर के आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन का मुख्य विषय स्वस्थ एवं बाल सहभागिता रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों, माताओं एवं अभिभावकों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। अवसर पर शहर में बलराज नगर आंगनबाड़ी केंद्र पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सपना एवं महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी गुरजीत कौर ने विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं के लिए कुआं पूजन एवं गोद भराई की रस्म आयोजित की गई।



सामुदायिक भवन की छत का उद्घाटन

कैथल। कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कैथल शहर के वार्ड नंबर 5 में वाल्मीकि सामुदायिक भवन की नवनिर्मित छत और स्टील ग्रिल का भव्य उद्घाटन किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर वार्ड के सैकड़ों निवासियों, समाज के साथियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विधायक आदित्य सुरजेवाला को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। समारोह में उत्साह का माहौल रहा और लोगों ने इस विकास कार्य को वार्ड के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने स्पष्ट किया कि विपक्ष में होने के बावजूद विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।



बीडीपीओ कार्यालय में सेवा सेतु कैंप लगा

कैथल। बीजेपी जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सेवा सेतु कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य घर द्वार पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुगमता से पहुंचाना है। जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी सोमवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के भवन में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु शिविर के दौरान उपस्थितगण को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम में पहुंचने पर बीडीपीओ अन्नू टोंक ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

खबर संक्षेप

आज काले बिल्ले लगाकर काम करेंगे स्वास्थ्यकर्मी

जींद। बहु उद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा ने प्रदेशभर में तबादला नीति में कैप किए गए पदों को खुलवाने के लिए जन जागरण अभियान चलाया है। प्रदेश के अनेक जिलों में ग्राम पंचायतों एवं जिला एवं शहरी पार्षदों माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए सभी स्वीकृत पदों को पोर्टल पर दर्शाने की अपील की। प्रवक्ता संदीप कुंडू ने बताया कि मंगलवार को प्रदेश के एमपीएचडब्ल्यू वर्ग कर्मचारी काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी करेंगे तथा रोष जताएंगे।

नरवाना में लगा अंगदान पंजीकरण शिविर

नरवाना। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सोमवार को स्थानीय सामान्य अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अंग-दान पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेन्द्र बिंदलिश ने बतौर मुख्य अतिथि किया। अपने संबोधन में डॉ. बिंदलिश ने कहा कि अंगदान सबसे बड़ा दान है। एक व्यक्ति के अंगदान से 8 से 9 लोगों को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि समाज में अंगदान को लेकर आज भी कई भ्रांतियां हैं, जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। ब्रेन डेड व्यक्ति के अंग किसी के काम आ सकते हैं।

डंपिंग प्वाइंट रिहायशी व धार्मिक स्थलों से उचित दूरी पर बनाने के निर्देश

सफाई को सिर्फ झाड़ू तक सीमित न रखें, तकनीक से लाएं गुणवत्ता : प्रमोद

एनजीओ व सामाजिक संस्थाओं को अभियान से जोड़ने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। मीटिंग में मौजूद स्टेट लेवल टास्क फोर्स, भारत स्वच्छता मिशन हरियाणा (शहरी) के उपाध्यक्ष प्रमोद कौशिक। *फोटो : हरिभूमि*

स्टेट लेवल टास्क फोर्स, भारत स्वच्छता मिशन हरियाणा (शहरी) के उपाध्यक्ष प्रमोद कौशिक ने सोमवार को जींद जिले का दौरा कर शहरी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने नगर निकाय के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था को केवल झाड़ लगाने तक सीमित न रखा जाए बल्कि आधुनिक तकनीकए बेहतर प्रबंधन और नियमित निगरानी के माध्यम से सफाई कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का उद्देश्य केवल कचरा उठाना नहींए बल्कि शहर को लंबे समय तक साफ.सुथरा बनाए रखना होना चाहिए।

प्रमोद कौशिक नगर परिषद सभागार में नगर निकाय से जुड़े अधिकारियों के साथ सफाई व्यवस्था को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान नगर परिषद चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी, डीएमसी अनिल दून सहित नगर निकाय के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

विद्यार्थियों के सहयोग से बढ़ेगी जागरूकता

उपाध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी विभागों की जिम्मेदारी नहीं है। शहर को स्वच्छ रखने में आम नागरिकों की भागीदारी बेहद जरूरी है। इसके लिए गैर सरकारी संगठनों, शिक्षण संस्थाओं, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों को अभियान से भावनात्मक रूप से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाई जा सकती है। आमजन को यह समझना होगा कि स्वच्छ शहर केवल प्रशासन के प्रयासों से नहीं बन सकता है।

सफाई कर्मचारियों को दिए जाएं जरूरी उपकरण

प्रमोद कौशिक ने कहा कि सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए तकनीकी संसाधनों का अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाए। सफाई कर्मचारियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सुरक्षा उपकरणए संसाधन और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। सफाई कार्य की गुणवत्ता की नियमित समीक्षा हो तथा काम में लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारी तय कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा आधुनिक तकनीक और बेहतर प्रबंधन के बिना सफाई व्यवस्था को स्थायी रूप से प्रभावी बनाना संभव नहीं है। इसलिए निकायों को बेहतर सफाई के लिए पारंपरिक तरीकों के साथ साथ तकनीकी संसाधनों का भी प्रभावी इस्तेमाल करना होगा।

सफाई पर नियमित निगरानी रखें

उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के मुख्य क्षेत्रों के साथ-साथ कॉलोनियों, बाजारों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर भी सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि कहीं भी कचरा जमा होने या गंदगी की स्थिति सामने आती है तो उसका तत्काल समाधान किया जाए। सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने डंपिंग प्वायंट को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कचरा एकत्रित करने के स्थान रिहायशी एवं धार्मिक स्थलों से उचित दूरी पर निर्धारित किए जाएंए ताकि लोगों को परेशानी न हो और आसपास के वातावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

विशेष कार्ययोजना तैयार कर करना होगा अमल

प्रमोद कौशिक ने कहा कि जींद जिले में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाएगी और उसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। शहर के साथ-साथ कॉलोनियों, बाजारों, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों की सफाई पर विशेष फोकस रहेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को किसी एक दिन या अभियान तक सीमित रखने के बजाय इसे दैनिक जीवन की आदत बनाना होगा। प्रशासन, नगर निकाय, सामाजिक संस्थाओं और आम नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से ही जींद को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है।



नरवाना। सनातन धर्म मंदिर में बैठक में शामिल अग्र बंधु।

नरवाना में 11 अक्टूबर को धूमधाम से मनाई जाएगी महाराजा अग्रसेन जयंती

नरवाना। पतराम नगर स्थित जैन स्थानक में प्रधान जयदेव बंसल की अध्यक्षता में अग्रवाल समाज नरवाना की एक बैठक हुई जिसमें हर वर्ष की भांति महाराजा अग्रसेन जी की जयंती 11 अक्टूबर को बड़ी धूमधाम से मनाने के लिए अंतिम रूप दिया गया। जयंती समारोह के प्रधान जयदेव बंसल व मीडिया प्रभारी मोहित बंसल ने बताया कि नरवाना में महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर सुबह 8 बजे अग्रसेन मंदिर (अन्न क्षेत्र) में पूजा अर्चना व हवन यज्ञ किया जाएगा। उसके बाद 10 बजे अग्रसेन चौक पर अग्रसेन जी को माल्यार्पण करके लड्डूओं का प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा के दौरान हाथी पर सवार महाराजा अग्रसेन व कुलदेवी माता लक्ष्मी की झांकी के साथ 18 घोड़ों पर सवार उनके 18 बेटे शोभा बढ़ाएंगे। उपाध्यक्ष उपेन्द्र गर्ग महासचिव व कैशियर अर्जुन गोयल ने बताया कि दोपहर बाद 3:30 बजे बाबा गैबी साहब मंदिर से भव्य शोभायात्रा शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों पुराना बस स्टैंड रोड, पंजाबी चौक, भगत सिंह चौक, अपोलो चौंक, अग्रसेन चौक, परशुराम चौक, रेलवे रोड, पतराम नगर होते हुए सनातन धर्म मंदिर में पहुंचेगी।



जींद। मौके पर पहुंची रजिस्ट्रार। *फोटो :हरिभूमि*

हॉस्टल में खाना न मिलने पर किया प्रदर्शन

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के ब्वायज हॉस्टल में पिछली रात से विद्यार्थियों को खाना उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा था। वार्डन की मनमानी और खाना बनवाने से स्पष्ट इंकार के कारण छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। समस्या की सुध न लिए जाने पर छात्र एकजुट हुए और उन्होंने रजिस्ट्रार कार्यालय का घेराव करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। आक्रोशित छात्र रजिस्ट्रार के कमरे में जाकर अंदर बैठ गए। मामले की गंभीरता को समझते हुए रजिस्ट्रार ने तुरंत मौके पर पहुंच कर छात्रों से बातचीत की। इसके बाद रजिस्ट्रार ने स्वयं हॉस्टल पहुंचकर अपनी देखरेख में खाना बनवाने की व्यवस्था शुरू करवाई तब जाकर छात्रों का गुस्सा शांत हुआ। छात्र नेता सुमित लाठर ने कहा कि हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थी कोई भीख नहीं मांग रहे हैं बल्कि विश्वविद्यालय की फीस देकर अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। उन्हें समय पर और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करवाना विश्वविद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी है।



कैथल। 'जेन एआई रेडी नारी प्रोग्राम' में उपस्थित पदाधिकारी।

छात्राओं को जनरेटिव एआई, एआई टूल्स व रोजगारपरक कौशल से परिचित करवाया

कैथल। आर.के.एस.डी. कॉलेज, कैथल ने नवीन जिंदल फाउंडेशन (एनजेएफ) एवं निमाया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित 'जेन एआई रेडी नारी प्रोग्राम' के अंतर्गत सूचना एवं पंजीकरण सत्र का आयोजन करवाया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को जनरेटिव एआई, व्यावहारिक एआई टूल्स एवं रोजगारपरक कौशल से परिचित कर उन्हें भविष्य की रोजगार आवश्यकताओं के लिए तैयार करना है। कॉलेज प्रबंध समिति के प्रधान अश्विनी शोरवाला ने कहा कि वर्तमान समय में आर्टिफिशल इंटेलिजंस तेजी से शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में छात्राओं को नई तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान एवं आवश्यक कौशल प्रदान करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने एनजेएफ एवं निमाया फाउंडेशन की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को उभरती तकनीकों और उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रदान करना समय की आवश्यकता है। मंच संचालन कोर्स समन्वयक डॉ. पूजा गुप्ता द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन 21 अक्टूबर से 04 नवंबर 2026 तक किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ. विशाल आनंद, डॉ. मतिश गर्ग, डॉ. अंकित गर्ग व कॅरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

छठ पूजा को लेकर पूर्वांचल जन विकास मंच ने की बैठक



कैथल। बैठक उपरांत पूर्वांचल जन विकास मंच के पदाधिकारी।

कैथल। पूर्वांचल जन विकास मंच कैथल की ओर से छठ पूजा पर्व को लेकर रविवार शाम शहीद स्मारक के सामने स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में बैठक की। इसमें मंच के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में आगामी छठ पूजा पर्व के आयोजन, तैयारियों और समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों ने छठ पर्व को आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ते हुए इसे मिल-जुलकर मनाने का संकल्प लिया। बैठक में प्रधान सेवक जय कृष्ण राय ने बताया कि 11वां छठ महोत्सव 13 से 16 नवंबर तक होगा। 15 नवंबर को डेरा बाबा शीतलपुरी डेरे के तट पर छठ मईया का जागरण आयोजित किया जाएगा। उप प्रधान धनंजय ने कहा कि छठ पूजा पूर्वांचल समाज की आस्था और संस्कृति का पर्व है। इस मौके पर उप प्रधान अशोक साहू, महासचिव शाहिद आलम, सचिव अश्विनी, कोषाध्यक्ष अशोक महतो, संतु पासवान, विकास सदानंद, अजय, विजय, सतीश, सुबोध, जोगिंदर, सचिन महतो, परविंदर, गुद्दरी, निरंजन, रामनाथ, पंकज, दिनेश, शंभू गंगा दास, बिरजू, सत नारायण, प्रिंस राज व सुनील आदि मौजूद थे।

कोरियर के नाम पर बढ़ रही साइबर ठगी, सतर्क रहें : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



एसपी मनप्रीत सिंह सूदन

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के मार्गदर्शन नें जिला कैथल में पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को साइबर अपराधो से बचने हेतु जागरूक किया जा रहा है । इस अभियान के तहत पुलिस द्वारा शहरी/ग्रामीण क्षेत्र तथा स्कूल व कॉलेज इत्यादि में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और लोगों को नई तकनीकी के बारें में जागरूक किया जा रहा है कि किस प्रकार से साइबर क्रिमिनल नए नए तरीके अपनाकर लोगों को बेवकूफ बनाकर धोखाधड़ी करते हैं। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि वर्तमान समय में कोरियर के नाम पर वित्तीय ठगी के मामले सामने आ रहे हैं । जालसाज आपके पास कॉल या मैसेज करते हैं और कहते हैं कि आपका पासपोर्ट या अन्य कोई सामान का कोरियर आना है। जिसकी कुछ 5-10 रुपये पेमेंट बाकी है। हम आपको एक लिंक भेज रहे हैं। आप आपकी बकाया पेमेंट इस लिंक से भुगतान कर दो, उसके बाद आपका कोरियर आ जाएगा। आमजन सोचता है कि 5-10 रुपये की बात है भुगतान कर देते हैं। आपके द्वारा उस लिंक पर क्लिक करते ही साइबर ठग आपकी नई यूपीआई आईडी बना लेते हैं। जिसके माध्यम से आपकी नेक कमाई हड़प लेते हैं। इसलिए सतर्क एवं जागरूक रहकर साइबर ठगों से ठगी का शिकार होने से बचें। किसी भी प्रकार के लिंक पर क्लिक ना करें। किसी से अपना ओटीपी, बैंक संबंधी जानकारी या कोई अन्य निजी जानकारी सांझा ना करें।

न्यूज डायरी

गांव बरसाना में टिगोरिया पट्टी की चौपाल में 5 लाख 66 हजार रुपये की लागत से विकास कार्य पूरे



पूंडरी। गांव बरसाना की टिगोरिया पट्टी स्थित चौपाल में 5 लाख 66 हजार रुपये की लागत से विकास कार्य करवाए गए हैं। जिला पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार टाया ने चौपाल में करवाए गए विकास कार्यों का जायजा लिया और इसके लिए समस्त ग्रामवासियों को शुभकामनाएं दीं। जितेंद्र कुमार टाया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जा रहा है। गांव बरसाना की टिगोरिया पट्टी में चौपाल के विकास पर 5 लाख 66 हजार रुपये की राशि खर्च की गई है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में ग्रामीणों की भागीदारी और सुझाव भी महत्वपूर्ण हैं । इस अवसर पर महेंद्र सिंह, सुभाष चंद, ईशम सिंह, ईश्वर सिंह, बलबीर सिंह, रोशनलाल, देशराज, बलवंत सिंह, सुरेश कुमार, बलकार सिंह, केहर सिंह मौजूद रहे।



बाकल में लगाया 12वां निःशुल्क मेडिकल कैंप, 230 की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

डॉ. अवतार सिंह की 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गांव बाकल में 12वें निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच करवाई। इस दौरान करीब 230 मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। कैंप में एसएम अस्पताल एवं ट्रॉमा सेंटर की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। चिकित्सकों द्वारा मरीजों की स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ सीबीसी, थायराइड, शुगर, बीपी सहित विभिन्न जांचें निःशुल्क की गईं। जरूरतमंद मरीजों को जांच रिपोर्ट के अनुसार चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया।

इस अवसर पर डॉ. महेंद्र सिंह तथा एसएम अस्पताल एवं ट्रॉमा सेंटर की टीम ने कैंप के सफल आयोजन में सहयोग दिया। कैंप में डॉ. राजेश कुमार व अस्पताल के स्टाफ ने मरीजों की जांच एवं उपचार में अपनी सेवाएं दीं।

आयोजकों ने बताया कि डॉ. अवतार सिंह की पुण्यतिथि पर लगातार 12वें वर्ष मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है। इसका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को उनके गांव में ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है। आयोजक डा. राजेंद्र बाकल ने सभी का आभार जताया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को काफी लाभ मिलता है।

हत्या मामले में स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने छठा आरोपी काबू किया



कैथल। हत्या मामले में आरोपी स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस की गिरफ्त में।

कैथल। थाना ढांड क्षेत्र के गांव बंदराना में 21 अगस्त को हुए आपसी लड़ाई-झगड़े के दौरान हत्या के मामले में स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा 5 आरोपियों को काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव बंदराना निवासी रीटा की शिकायत अनुसार 21 अगस्त की शाम वह अपने घर का कूड़ा-कचरा फेंकने के लिए जा रही थी। इसी दौरान गली में मौजूद कुछ व्यक्तियों द्वारा उसके साथ गाली-गलौज की गई। शोर सुनकर उसके परिजन भी मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। इसी दौरान आरोपियों द्वारा लाठी-डंडों, जेली तथा ईंटों से हमला किया गया। मारपीट में रीटा, उसके चाचा मांगेराम, चाची बीरमती, देवर बलवान, पुत्र अंकुश, पति गणेश तथा अन्य व्यक्ति घायल हो गए। घायल मांगेराम की मौत हो गई। आरोपी बंदराणा निवासी आजाद को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी आजाद भी उक्त वारदात में शामिल था। उक्त मामले में 5 आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। मामले में दोनों पक्षों की पुरानी रंजीश चली आ रही है। उसी रंजीशन यह विवाद व झगड़ा हुआ था।



कैथल। कैथल के पिहोवा चौक पर नारेबाजी करते कार्यकर्ता

8 अक्टूबर को इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन में माकपा होगी शामिल : जय प्रकाश

कैथल। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी के कार्यकारी सचिव कामरेड जय प्रकाश ने आज प्रेस को जारी बयान में कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाया जाए , एसआईआर को रोका जाए ,मतदाताओं के काटे गए वोट बहाल किए जाएं , पात्र लोगों के वोट काटने से प्रभावित चुनावों को पुनः चुनाव करवाकर मतदाताओं को वोट का अधिकार दिया जाए,चुनाव आयोग को निष्पक्ष व पारदर्शी बनाया जाए। सर्वोच्च न्यायालय के प्रस्ताव पर तंत्र विकसित करते हुए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की जाए। इन मांगों को लेकर 8 अक्टूबर को इण्डिया गठबंधन के संयुक्त प्रदर्शन में माकपा भी अपने कार्यकर्ताओ के साथ बड़ी संख्या में शामिल होगी। आज उन्होंने पार्टी द्वारा उद्घोषित विरोध कार्रवाई के दौरान पिहोवा चौक पर सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान के अनुसार अनुच्छेद 326 के तहत देश के प्रत्येक वयस्क नागरिक को वोट देने का अधिकार मिला है लेकिन हाल के वर्षों में चुनाव आयोग के गैर संवैधानिक, गैर पारदर्शी व गैर निष्पक्ष फैसलों के चलते लोगों को मिले इस अधिकार से वंचित किया जा रहा है। 23 सितंबर 2026 को एक न्यूज पेपर में छपी रिपोर्ट ने इसे उजागर कर दिया है। वोट हटाने, जोड़ने, नियमों में गैर कानूनी बदलाव व वोट डेटा के केंद्रीयकरण करने के खुलासे ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को जिम्मेवार ठहराया है।

17 प्रतिशत नमी वाली धान भी समर्थन मूल्य पर न खरीदने का आरोप, किसानों ने जताया रोष

पूंडरी। पूंडरी अनाज मंडी पीआर धान से भरी पड़ी है। सरकारी खरीद शुरू होने के बावजूद किसानों को धान की बिक्री में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि सरकार के निर्धारित मापदंडों के अनुसार 17 प्रतिशत तक नमी वाली धान समर्थन मूल्य पर खरीदी जानी चाहिए, लेकिन मंडी में खरीद को लेकर स्थिति अलग दिखाई दे रही है। किसानों का कहना है कि खरीद एजेंसियों के बजाय मिलर मंडी में आकर धान की जांच कर रहे हैं और मनमाने भाव लगाए जा रहे हैं। किसान प्रवीण बरसाना, जोगिंदर सिंह और विक्रम ने बताया कि उनकी धान में नमी 17 प्रतिशत से भी कम है। इसके बावजूद उनकी धान का भाव करीब 2200 से 2300 रुपये प्रति क्विंटल लगाया जा रहा है। किसानों के अनुसार उन्होंने इस संबंध में खरीद अधिकारियों से भी संपर्क किया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। किसानों ने आरोप लगाया कि धान के भाव में करीब 150 से 250 रुपये प्रति क्विंटल तक की कटौती की जा रही है। किसानों ने मांग की कि निर्धारित नमी मानकों के अनुसार धान की खरीद की जाए।

घर का ताला तोड़कर चोरी करने का आरोपी काबू

कैथल। थाना शहर कैथल पुलिस द्वारा चोरी करने के मामले को सुलझाते हुए एक आरोपी को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीवन गेट कैथल निवासी मागेराम की शिकायत अनुसार वह गांव खानपुर स्थित फैक्टरी में चौकीदार की नौकरी करता है और उसकी रात की ड्यूटी है। 3 अक्टूबर को शाम करीब 8:30 बजे वह अपने घर को ताला लगाकर ड्यूटी पर चला गया था। उसकी पत्नी अपनी 8 वर्षीय बेटी के साथ मायके गई हुई थी। अगले दिन 4 अक्टूबर को सुबह जब वह ड्यूटी से घर वापस आया तो मकान की ऊपरी मंजिल के गेट का कुंडा टूटा हुआ मिला। जांच करने पर पता चला कि कोई अज्ञात व्यक्ति घर में घुसकर दीवार पर लगी एक एलईडी तथा कमरे में रखी अलमारी से 10 हजार रुपये चोरी करके ले गया। जांच थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर सतपाल सिंह की अगुवाई में एएसआई मुकेश कुमार की टीम द्वारा करते हुए महादेव कॉलोनी कैथल निवासी शुभम को काबू कर लिया गया। आरोपी से चोरीशुदा एलईडी बरामद कर ली गई है।

वीरमति देवी को किया सम्मानित



राजौंद। महिला समाज सुधार समिति की अध्यक्ष रमनदीप कौर ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद की राजनीतिक विज्ञान विषय की पीजीटी वीरमति देवी को उनके सामाजिक कार्यों एवं समाज के प्रति योगदान के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर रमनदीप कौर ने कहा कि समाज के हित में निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले लोगों का सम्मान करने से अन्य लोगों को भी सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।सम्मानित होने पर वीरमति देवी ने महिला समाज सुधार समिति की अध्यक्ष रमनदीप कौर का आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

एसडीएम सुमन यादव ने शिकायतों के समय पर निपटान के निर्देश दिए

नगर पालिका में सेवा सेतु कैंप का एसडीएम ने किया निरीक्षण

बेटियों की लाइब्रेरी की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना





उचाना। अटल कैंटीन का निरीक्षण करते हुए एसडीएम सुमन यादव (आईएएस) तथा सेवा सेतु कैंप में पहुंची एसडीएम सुमन यादव अधिकारियों से बातचीत करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

नगर पालिका उचाना परिसर में आयोजित सेवा सेतु कैंप का सोमवार को एसडीएम सुमन यादव (आईएएस) ने निरीक्षण किया। उनके साथ सेवा सेतु उचाना ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सतीशा देवी भी मौजूद रहीं। एसडीएम ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉलों पर पहुंचकर अधिकारियों से आमजन को दी जा रही सेवाओं और योजनाओं की जानकारी ली। एसडीएम ने विभागीय अधिकारियों से यह भी जानकारी प्राप्त की कि कैंप में आने वाली आमजन की समस्याओं का किस प्रकार समाधान किया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका निर्धारित समय में समाधान सुनिश्चित किया जाए। नगर पालिका परिसर में बेटियों के लिए संचालित लाइब्रेरी का भी एसडीएम ने निरीक्षण किया और इसकी सराहना की। लाइब्रेरी में पढ़ाई करने पहुंची छात्राओं से उन्होंने बातचीत की। एसडीएम ने कहा कि उपमंडल कार्यालय, करसिंधु और सुरबरा के बाद नगर पालिका परिसर में सेवा सेतु कैंप लगाया गया है। इस अवसर पर बीईओ ओमप्रकाश आर्य, सचिव सौरभ जैन, जेई सत्यवान, मा. रामप्रसाद, शीशपाल शास्त्री, सुमन देवी, नरेश सौंगरी, मुकेश सुदकैन और देशराज खरकभूरा मौजूद रहे।

अनाज मंडी में एसडीएम सुमन यादव का औचक निरीक्षण

उचाना एसडीएम सुमन यादव (आईएएस) ने हाईवे स्थित अतिरिक्त अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी में पीआर धान की खरीद, सफाई व्यवस्था समेत किसानों के लिए उपलब्ध अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान मार्केट कमेटी सचिव योगेश कुमार और खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर अजय कुमार मौजूद रहे। एसडीएम ने कपास मंडी गेट पर गेट पास की जांच की। इसके बाद किसान सेवा केंद्र में चल रही अटल कैंटीन का निरीक्षण किया। उन्होंने कैंटीन में साफ-सफाई और तैयार की जा रही सब्जी की व्यवस्था का जायजा लिया। इसके अलावा मंडी परिसर में सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सुमन यादव ने कहा कि मंडी में फसल लेकर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। किसानों के लिए सफाई, पीने के पानी और बिजली के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि किसान अन्नदाता है, जो देश का पेट भरता है। किसान को किसी तरह की परेशानी हुई तो संबंधित विभाग के अधिकारी को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। आढ़तियों और किसानों ने एसडीएम के समक्ष पीआर धान की खरीद नहीं होने की समस्या रखी। इस पर एसडीएम ने कहा कि धान की खरीद को लेकर किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।